देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 187 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**चक्रव्यूह में फंसती शिक्षा



# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 31 अगस्त 2019



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 23.0°

37332.79

2 इमरान ने फिर चला इस्लामिक कार्ड

7 धोनी को नजरअंदाज करने का सवाल नहीं

# कई बैंकों का आपस में होगा विलय

## सरकार का बड़ा ऐलान, अब 27 की जगह सिर्फ 12 सरकारी बैंक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुस्त होती अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए 23 अगस्त को की घोषणाओं के बाद शुक्रवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सरकारी बैंकों के मेगा कंसॉलिडेशन प्लान की घोषणा की। उन्होंने हुए कहा कि आने वाले समय में सार्वजनिक क्षेत्र के 10 बैंकों को मर्ज करके चार बड़े बैंक बनाए जाएंगे। पंजाब नैशनल बैंक, ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स तथा यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का आपस में विलय किया जाएगा, जिससे देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक तैयार होगा और जिनका बिजनस 17.95 लाख करोड़ का होगा। वित्त मंत्री ने कहा कि केनरा बैंक और सिंडिकेट बैंक का विलय किया जाएगा।



### इन बैंकों का विलय

**विलय 1-** पंजाब नैशनल बैंक, ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स तथा यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया

**विलय 2-** केनरा बैंक और सिंडिकेट बैंक (चौथा सबसे बड़ा बैंक, कारोबार–15.20 लाख करोड़ रुपये)

**विलय 3-** यूनियन बैंक, आंध्रा बैंक तथा कॉरपोरेशन बैंक (पांचवां सबसे बड़ा बैंक, कारोबार–14.6 लाख करोड़ रुपये)

**विलय 4-** इंडियन बैंक, इलाहाबाद बैंक (सातवां सबसे बड़ा बैंक, कारोबार–8.08 लाख करोड़ रुपये)

### सुधारों की घोषणा

सुधारों की घोषणा करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार भारत को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने को प्रतिबद्ध है और इसके लिए रोडमैप तैयार है। उन्होंने कहा, श्सरकार ने एनबीएफसी को समर्थन के लिए कई उपाय किए हैं। सरकार का फोकस बैंकिंग सेक्टर को मजबूत करने पर है।

### रेकॉर्ड लोन रिकवरी हुई

वित्त मंत्री ने कहा, रेकॉर्ड लोन रिकवरी हुई है। उन्होंने कहा कि 18 सरकारी बैंकों में से 14 बैंक मुनाफे में आ गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि इन सारे विलय के बाद सरकारी बैंकों की संख्या 27 से घटकर 12 रह जाएगी। उन्होंने कहा कि 9.3 लाख करोड़ रुपये के कारोबार वाला बैंक ऑफ इंडिया तथा 4.68 लाख करोड़ रुपये के कारोबार वाला सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पहले की तरह काम करता रहेगा।

### बैंकों को मिलेगी 55,250 करोड़ रुपये की पूंजी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को क्रेडिट ग्रोथ तथा विनियामकीय अनुपालन के लिए बैंकों को 55,250 करोड़ रुपये की पूंजी डालने की भी घोषणा की है, जिसके तहत पंजाब नैशनल बैंक को 16,000 करोड़, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को 11,700 करोड़, बैंक ऑफ बड़ौदा को 7,000 करोड़, केनरा बैंक को 6,500 करोड़, इंडियन बैंक को 2,500 करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। इसके अलावा, इंडियन ओवरसीज बैंक को 3,800 करोड़ रुपये, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को 3,300 करोड़, यूको बैंक को 2,100 करोड़, यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया को 1,600 करोड़ रुपये की पूंजी मिलेगी।

# चिदंबरम की कम नही हुई मुश्किलें

## अदालत ने सीबीआई कस्टडी 2 सितंबर तक के लिए बढ़ाई

- सीबीआई ने कोर्ट से चिदंबरम की हिरासत को 5 दिन और बढ़ाने की मांग की थी
- 26 अगस्त को कोर्ट ने चिदंबरम की रिमांड को 4 दिन बढ़ा दिया था, खत्म हो रही थी मिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आईएनएक्स मीडिया केस में आरोपी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम की सीबीआई हिरासत 2 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी है। सीबीआई ने राउज एवेन्यू कोर्ट से चिदंबरम की हिरासत को 5 दिन बढ़ाए जाने की मांग की थी।

एजेंसी ने कोर्ट को बताया है कि पूर्व वित्त मंत्री पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं और गोलमोल जवाब दे रहे हैं। दूसरे आरोपियों के साथ उनका आमना–सामना कराने की जरूरत है। उधार, चिदंबरम के वकील ने कहा कि उनसे 400 सवाल पूछे गए हैं। कोर्ट ने सीबीआई से कहा कि आप हर रोज 5 दिन की कस्टडी क्यों मांगते हैं, एक साथ ही 15 दिन की कस्टडी क्यों नहीं मांगी।

पी. चिदंबरम को शुक्रवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में स्पेशल जज अजय कुमार कुहर के यहां पेश किया गया। वह पहले ही 8 दिनों से सीबीआई की कस्टडी में थे। 20 अगस्त को दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा चिदंबरम की अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद सीबीआई ने 21 अगस्त को उन्हें गिरफ्तार किया था। तब कोर्ट ने उन्हें 26 अगस्त तक के लिए सीबीआई कस्टडी में पूछताछ के लिए भेज दिया था। बाद में कस्टडी को 4 दिन बढ़ाकर 30 अगस्त तक किया गया था।

गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस आर. भानुमति और जस्टिस ए. एस. बोपन्ना की पीठ ने कहा था कि वह भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई हिरासत में भेजने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर 2 सितंबर को सुनवाई करेगी। इसके बाद चिदंबरम के वकीलों ने खुद ही कह दिया था कि वह खुद 2 सितंबर तक सीबीआई हिरासत में ही रहने की पेशकश कर रहे हैं।

### पूर्व वित्त मंत्री पूछताछ में नहीं कर रहे सहयोग



सीबीआइ ने कोर्ट को बताया है कि पूर्व वित्त मंत्री पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं। वह सवालों का गोलमोल जवाब दे रहे हैं। इस मामले में दूसरे आरोपियों के साथ उनका आमना–सामना कराए जाने की जरूरत है। वहीं, चिदंबरम के वकील ने कहा कि सीबीआइ हर बार पांच दिन की हिरासत बढ़ाने की मांग करती है।

# अर्थव्यवस्था की हालत और बदतर हुई

## जून तिमाही में जीडीपी विकास दर घटकर 5 प्रतिशत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अर्थव्यवस्था में सुस्ती की समस्या से जूझ रही केंद्र सरकार को आर्थिक विकास दर के मोर्चे पर भी झटका लगा है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल–जून) में देश की आर्थिक विकास दर घटकर महज पांच फीसदी रह गई है, जो साढ़े छह वर्षों का निचला स्तर है। पिछले वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में आर्थिक विकास दर 5.8 फीसदी रही थी। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

देश में घरेलू मांग में गिरावट तथा निवेश की स्थिति अच्छी नहीं रहने से पहले से ही उम्मीद जताई जा रही थी कि जून तिमाही में विकास दर का आंकड़ा पहले से ज्यादा बदतर रहेगा।

वित्त वर्ष 2019–20 की पहली तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था साल दर साल आधार पर महज पांच फीसदी की दर से आगे बढ़ी है। विकास दर का यह आंकड़ा बाजार की 5.7 फीसदी की उम्मीद से काफी कम है। साल 2013 के बाद जीडीपी ग्रोथ का यह सबसे बुरा दौर है। जीडीपी ग्रोथ में गिरावट पहली तिमाही में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि के अनुकूल है, जो महज 3.6 फीसदी रही थी, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह आंकड़ा 5.1 फीसदी था।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वामी चिन्मयानंद केसः सुको में पेश होगी युवती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व मंत्री और बीजेपी नेता स्वामी चिन्मयानंद पर शोषण का आरोप लगाने वाली पीड़िता को ढाई घंटे में सुप्रीम कोर्ट में पेश किया जाएगा। वकीलों ने इस बात की जानकारी दी है। इससे पहले सर्वोच्च अदालत में महिला वकीलों ने मांग की थी कि कोर्ट को पीड़िता लड़की से मिलना चाहिए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने उनका आग्रह मानते हुए पीड़िता को अदालत में पेश करने का निर्देश दिया। इससे पहले शुक्रवार को यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि चिन्मयानंद के खिलाफ उत्पीड़न के आरोप लगाने के बाद लापता हुई कानून की छात्रा राजस्थान में मिली है।

### हिज्बुल ने पोस्टर लगाकर लोगों को धमकाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कश्मीर में मोबाइल और इंटरनेट बंद होने की वजह से आर्मी को मिल रही खुफिया जानकारी में भी कमी आई है। वहीं आतंकियों ने लोगों को डराने के लिए साउथ कश्मीर में कई जगह पोस्टर लगाए हैं। जिसमें दुकान खोलने, गाड़ी चलाने या स्कूल जाने पर गंभीर नतीजे भुगतने की धमकी दी गई है। आर्मी को साउथ कश्मीर के कई इलाकों में हिज्बुल के लगाए पोस्टर मिले हैं। इसमें लिखा है कि कोई भी गाड़ी नहीं चलनी चाहिए, कुछ प्राइवेट वीइकल अभी भी चल रहे हैं जिनका नंबर हमारे पास है। ये आखिरी वॉर्निंग है अगर फिर दिखे तो जला देंगे।

### बिहार में पान मसाले का उत्पादन और बिक्री बैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पटना। बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने राज्य में शराबबंदी के बाद अब एक और बड़ा फैसला लिया है। बिहार सरकार ने राज्य में पान मसाले के उत्पादन और बिक्री पर पूरी तरह से बैन लगा दिया है।

# महबूबा व उमर को करना होगा इंतजार

## 15 सितंबर के आसपास शुरू होगी नेताओं की रिहाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर में माहौल सामान्ध्य देख केंद्र सरकार ने फिर से राज्ध्य में सियासी गतिविधियां सामान्ध्य करने की तैयारी शुरू कर दी हैं। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियातन हिरासत में लिए मुख्ध्य धारा के सियासी दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं की रिहाई भी जल्ध्द शुरू हो जाएगी।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने चरणबद्ध रिहाई का कार्यक्रम तय कर दिया है और जल्द स्थिति साफ भी होगी। पहले चरण में 190 लोगों को रिहा करने की तैयारी है। अलबत्ता, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती की रिहाई में अभी समय लग सकता है।

राज्य गृह विभाग के अधिकारी ने साफ किया कि फिलहाल केवल मुख्यधारा के सियासी दलों के नेताओं को रिहा किया जाना है। हिरासत में लिए गए अलगाववादी खेमे के किसी भी नेता को रिहा नहीं किया जा रहा है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in